







# रीवा एवं मऊगंज जिले में खनिज माफिया कर रहे अवैध उत्खनन

## खनिज विभाग नहीं लगा पा रहा अंकुश, धड़ल्ले से चल रहा अवैध परिवहन का खेल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, रीवा से मऊगंज तक खनिज माफिया सक्रिय है, अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है. इस अवैध कारोबार से शासन को हर वर्ष करोड़ो की चपत लग रही है. बावजूद इसके अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले खनन माफियाओं के आगे प्रशासन मौन है. अवैध कारोबार पर नकेल कसने टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही नही की जाती.**



खनिज विभाग रीवा एवं मऊगंज वार्षिक राजस्व लक्ष्य को पूरा नही कर पा रहे है. गत वित्तीय वर्ष में रीवा में 54 प्रतिशत ही राजस्व की वसूली हुई थी. जबकि मऊगंज की स्थित सम्मान जनक थी. अवैध उत्खनन से निकलने वाला पत्थर स्टोन क्रेसर में पहुंचता है रीवा एवं मऊगंज जिले में कई स्टोन क्रेसर नियमो को ताक में रखकर चल रहे है जो नियम है उनका पालन नही किया जाता. जहा स्टोन क्रेसर लगे है वहा के लोग धूल फाक रहे है अवैध उत्खनन पर कोई अंकुश नही है. हनुमना क्षेत्र के हाटा लौढी सहित नईगढ़ी, मऊगंज, सिरमौर, बेला, नौवस्ता एवं बनकुंइया क्षेत्र में सैकड़ो छोटी-बड़ी खदाने है. जहां से पत्थर निकाल कर बेचा जा रहा है. खनिज विभाग के संरक्षण में अवैध कारोबार चल रहा है. राजस्व, वन भूमि को खनिज माफिया खोखला कर रहे है. खनिज विभाग राजस्व लक्ष्य को पूरा नही कर पाता. अगर अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही की जाय तो अच्छा खासा राजस्व मिल सकता है. गत वर्ष भी लक्ष्य प्राप्त करने में खनिज विभाग पीछे रहा है. अवैध उत्खनन और परिवहन का नग्गा नाच अगर देखना है तो बेला क्षेत्र नौवस्ता एवं बनकुंइया क्षेत्र में देखा जा सकता है. जिन लोगो ने लीज ले रखी है वहां तो उत्खनन होता है लेकिन लीज की जमीन पर उत्खनन केवल दिखावे के लिये रहता है. अवैध रूप से उत्खनन दूसरी जमीनो पर किया जाता है. इसके अलावा स्थानीय लोगो द्वारा व्यापक पैमाने पर खदाने लगाई गई है. जिसकी न तो कोई लीज है और न ही खनिज विभाग को कोई शुल्क दिया जाता है.

### अवैध उत्खनन कर पत्थर बेचने का कारोबार

बनकुइयां-नौवस्ता क्षेत्र में अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन कर बेचा जाता है. यहां से निकलने वाला पत्थर क्षेत्र में लगी स्टोन क्रेसरो में पहुंचता है. सुबह से लेकर रात तक पत्थर की तोड़ाई और टैक्ट्ररो से परिवहन का नजारा देखा जा सकता है. प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टर पत्थर का अवैध परिवहन होता है. जो आसपास क्रेसर लगे है यहां अवैध रूप से परिवहन होकर आने वाले पत्थरो से ही गिट्टी बनाई जा रही है यह अवैध कारोबार वर्षो से क्षेत्र में फलफूल रहा है. शासन को भले ही करोड़ो रूपये की क्षति इस अवैध उत्खनन से हो रही हो लेकिन जिला प्रशासन खनिज माफियाओं के आगे मौन है.

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, मनगवां थाना अन्तर्गत पति द्वारा पत्नी की हत्या किये जाने के मामले में अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश रीवा ने दोष सिद्ध होने पर पति को आजीवन कारावास एवं पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है.**

जिला अभियोजन संचालनालय रीवा के सहायक निदेशक सुशील कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 15. 11. 2020को समय करीब 3 बजे दोपहर आरोपी पति महेन्द्र अहिरवार तनय बाबूलाल अहिरवार निवासी धवर्रा थाना अजनर जिला महोवा उ0प्र0 अपनी पत्नी सीमा साकेत को हंसिया से गले में मारकर एवं तवे से मारपीट किया. वह अपने किराये के मकान में खून से लथपथ कमरे के अंदर पड़ी थी. आरोपी खून से लथपथ अपनी पत्नी को कमरे में छोड़कर भाग गया था. घटना की जानकारी मृतिका के भाई प्रदीप कुमार साकेत ने मौखिक रूप से दी थी. पुलिस द्वारा घटना का अन्वेषण कर अन्वेषण उपरांत न्यूायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया. विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुये विशेष लोक अभियोजक श्रीमती अंजू पाण्डेय द्वारा मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होते हुये अष्टम अपर सत्र न्यायालय जिला रीवा ने आरोपी को उपरोक्त दंड से दंडित किया.

### वीर बाल दिवस पर गुरूद्वारे में लगाई गई प्रदर्शनी

रीवा, रीवा स्थित गल्ला मंडी गुरुद्वारा में 'वीर बाल दिवस' पर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबज़ादों फतेह सिंह और जोरावर सिंह की वीरता, देशभक्ति पर आधारित प्रदर्शनी का जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र गुप्ता ने अवलोकन किया. जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने साहिबजादों के शहीदी दिवस पर अपनी श्रृद्धांजली अर्पित की. यह वह दिन है जो हमारे शहीदों की निडर आत्मा को हर दिल में जगा देता है. जब बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को स्मरण करते है तो वे हमारी राष्ट्रीय आत्मा के सच्चे रखवाले दिखाई देते है. उनका साहस हमें याद दिलाता है कि हमें किस प्रकार का देश बनाना है ऐसा देश जो भय के बजाय धर्म को अत्याचार के बजाय सत्य को और स्वार्थ के बजाय बलिदान को चुनना है. उनकी शौर्यगाथा हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे स्मरण करते हुए हर साल वीर बाल दिवस मनाया जाता है. साहिबजादों, माता गुजरी और गुरु गोविंद सिंह की वीरता व बलिदान को सादर नमन किए. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शरद साहू, जिला मंत्री बृजेंद्र गौतम संयोजक परमजीत सिंह, बुद्धसेन नापित उपस्थित रहे.

# वीर बाल दिवस पर वीरता और बलिदान को किया गया याद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, बाल भवन रीवा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों की वीरता और बलिदान को याद किया गया.**



नन्हे मुन्ने बच्चो ने आकर्षक चित्रकारी की. इसके साथ वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, भाषण, कहानी लेखन, पुस्तक पाठन और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई. विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को याद किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने सहभागिता निभाई. प्रतियोगिता के आयोजन में श्रीमती वर्षा गुप्ता तथा रामाश्रय पटेल ने सराहनीय योगदान दिया.

## बैठक का पालन प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को बैठकों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.**

कमिश्नर ने कहा है कि उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 29 सितम्बर तथा संभाग की प्रभारी सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी अपर मुख्य सचिव खाद्य विभाग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें. इसके साथ-साथ कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की भी सभी अधिकारियों को जानकार दी गई है.

उन पर की गई कार्यवाही का भी प्रतिवेदन कमिश्नर कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं. संभागीय ग्रुप में बैठकों के एजेण्डा बिन्दु की जानकारी उपलब्ध है.

## संक्षिप्त

### मुख्य सचिव करेंगे समीक्षा

**रीवा,** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक 31 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 28 दिसम्बर तक कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 29 को

**रीवा,** जनजातीय कार्य विभाग में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता और मानीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12 .30 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है. इसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी. समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### मैन्युअल स्कैवेजिंग की निगरानी समिति की बैठक 29 को

**रीवा,** मैन्युअल स्कैवेजिंग की जिला स्तरीय सतर्कता और निगरानी समिति की बैठक 29 दिसम्बर को आयोजित की गई है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे आरंभ होगी. प्रभारी जिला संयोजक रूचि तिवारी ने समिति के सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### आधुनिक कृषि उपकरणों को देख आकर्षित हुए किसान

**रीवा,** रीवा जिले के बसामन मामा में गत दिवस किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया. किसान सम्मेलन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए. सम्मेलन के साथ कृषि विभाग कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आधुनिक कृषि उपकरणों की आकर्षक और विशाल प्रदर्शनी लगाई गई. आधुनिक कृषि उपकरणों को देखकर किसान आकर्षित हुए. किसानों ने उपकरणों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से उत्सुकता के साथ जानकारी ली. इस संबंध में सहायक संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने बताया कि प्रदर्शनी में हल से लेकर हार्वेस्टर तक के आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नरवाई के प्रबंधन की जानकारी दी गई. प्रदर्शनी में जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, मल्चर, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, हे-रेक तथा स्लेशर जैसे आधुनिक उपकरण प्रदर्शित किए गए. इनके उपयोग से नरवाई से खाद बनाने और आसानी से फसलों की बोनी की तकनीक बताई गई. प्रदर्शनी में रोटरी ट्रिलर, धान का रोपा लगाने वाली मशीन, चीसल प्लाऊ, यूरिया और दवा का छिड़काव करने वाले ड्रोन तथा लेजर लैण्ड लेबरल प्रदर्शित किए गए. प्रदर्शनी में खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जुड़े उपकरण जैसे दालमिल, राइसमिल तथा पल्वनाइजर का भी प्रदर्शन किया गया.

### बिछिया में आज होगी मीठी दलिया की फातेहा

**रीवा,** हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह ग़रीब नवाज़ के उर्स मुबारक के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत दारा शाह तकिया, बिछियां में अहले मोहल्ला के ताऊन से मीठी दलिया की फातेहा खानी का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन 27 दिसम्बर को हजरत दाराशाह तकिया के आस्ताने में सम्पन्न होगा. उक्त कार्यक्रम जामा मस्जिद बिछिया रीवा के सदर इस्लाम अहमद, मदरसा इस्लामिया बिछिया रीवा के सदर वाइज खान की जेरे-सरपरस्ती में आयोजित किया जा रहा है. फातेहा खानी दोपहर 12 :30 बजे से प्रारंभ होगी.

### स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आज

**रीवा,** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के 141 वें स्थापना दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में 28 दिसम्बर को समय 03 :00 बजे किया गया हैं. इस अवसर पर कांग्रेस जनों द्वारा कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के प्रति किये गये विभिन्न कार्यो पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जावेगा. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सभी से पहुंचने की अपील की है.



आरोग्य एवं नवग्रह नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन करते राज्यमंत्री लखन पटेल

# आरोग्य एवं नक्षत्र वाटिका भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ेंगे : पटेल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, पशुपालन तथा डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने पशुपालन महाविद्यालय रीवा में आरोग्य एवं नवग्रह नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया.**

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि आरोग्य एवं नवग्रह नक्षत्र वाटिका जैसे नवाचार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ेंगे. स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर पशुपालन महाविद्यालय में नक्षत्र वाटिका का शुभारंभ करके सराहनीय नवाचार किया गया है. स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे राष्ट्रभक्त तथा सुशासन के हिमायती थे. उन्होंने देश की राजनीति को शुचिता का पाठ पढ़ाया. अटलजी सभी में समान रूप से लोकप्रिय और सर्वमान्य नेता थे. राज्यमंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा और पशुपालन के क्षेत्र में आयुर्वेदिक ज्ञान का पूरा उपयोग किया जाए. विभाग में शीघ्र ही पशु चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी. किसान खेती के साथ-साथ पशुपालन को अपनाकर खेती को लाभदायक बना सकता है. खेती के साथ-साथ पशुपालन का भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय योगदान है. समारोह की अध्यक्षता करते हुए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरू डॉ मनदीप शर्मा ने कहा कि नक्षत्र वाटिका विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है. इसका विकास, स्वास्थ्य, अनुसंधान और जागरूकता केन्द्र के रूप में करें. इथनो वेटनरी मेडिसिन वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता है, हमें इसे अपनाना चाहिए. समारोह में राज्यमंत्री तथा कुलगुरू ने पर्यावरण संरक्षण के लिए महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किए. समारोह में विशिष्ट अतिथि भोलानाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किए. समारोह में डीन पशु चिकित्सा महाविद्यालय डॉ अजीत प्रताप सिंह, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव मौजूद रही.

# 29 को सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होगा मतदान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत राज संस्थाओं के निर्वाचन में मतदान 29 दिसंबर को होगा.**

मतदान प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा. मतगणना 2 जनवरी को की जायेगी. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्रमांक 16 के लिए मतदान होगा. रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत जरहा में सरपंच पद तथा जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत महमूदपुर में सरपंच पद के लिए मतदान होगा. जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में मतदान सामग्री का वितरण जनपद पंचायत कार्यालय रायपुर कर्चुलियान से किया जायेगा. मतगणना भी जनपद पंचायत कार्यालय में ही होगी.

गंगेव जनपद पंचायत में सरपंच पद तथा जिला पंचायत सदस्य पद के लिए सामग्री का वितरण और मतगणना सीएम राइज सांदीपन उ.मा.वि. गंगेव से होगा.

### स्ट्रांग रूम से होगा ईव्हीएम का वितरण

नगरीय निकाय तथा पंचायतराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए मतदान 29 दिसम्बर को कराया जाएगा. मतदान ईव्हीएम से कराया जाएगा. कलेक्टर ने मतदान में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं. नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष तथा पार्षद पद के लिए स्वामी विवेकानंद कक्ष शासकीय महाविद्यालय सेमरिया तथा गंगेव विकासखंड में जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य पद एवं ग्राम पंचायत महमूदपुर के सरपंच पद के लिए सीएम राइज शासकीय उमावि गंगेव के कक्ष क्रमांक 5 में स्ट्रांग रूम बनाया गया है.

# कड़ी सुरक्षा के बीच मतदाता करेंगे मतदान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के तहत ग्राम पंचायत जरहा में रिक्त सरपंच पद के लिए 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा.**

मतदान कराने के लिए ग्राम पंचायत में तीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं. मतदान केन्द्र शासकीय प्राथमिक पाठशाला भवन जरहा तथा प्राथमिक पाठशाला नवीन भवन अमिलिहा में स्थित हैं. इन मतदान केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक निर्वाचन के समय सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें जिससे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो सके.

# शहर के 50 प्रमुख प्वाइंट को चिन्हित कर किया जायेगा सौन्दर्यीकरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, नई स्वच्छता टूल किट को लेकर नगर निगम रीवा के सभागार में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने समीक्षा बैठक ली.**

बैठक के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम रीवा के प्रदर्शन की गहन समीक्षा करते हुए उन सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की. शहर के 15 इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मरों को चयनित कर कवर कर के मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए. साथ ही शहर भर में योजना बनाकर इस सर्वेक्षण में 50 प्रमुख प्वाइंट चिन्हित कर उनके सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए. वहीं शहर में जिन पान-गुटखा की गुमटियों के पास गंदगी पाया जाए उनपर सख्त कार्यवाही करते हुए हटाने के भी निर्देश दिए. शहर में बने सार्वजनिक यूरिनलों की सफाई हेतु मैकेनाइज्ड सिस्टम अपनाने पर जोर दिया गया. निगमायुक्त ने शहर के बड़े नालों की सफाई नियमित अंतराल में एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए. बैठक मे अधिकारी मौजूद रहे.

# राजस्व वसूली कम होने पर निगम आयुक्त ने लगाई फटकार, थमाया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली. इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि 31 दिसम्बर तक न्यूनतम 30 प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए.**



कार्य में लापरवाही बरतने पर राजेंद्र पांडेय की दो वेतनवृद्धि रोके जाने के निर्देश दिए. वहीं लक्ष्य के प्रति न्यूनतम वसूली करने पर सर्वेश दुबे, रामनरेश मिश्रा, विकास सिंह, भगवानदीन यादव, आयुष पाण्डेय, मुकेश तिवारी एवं रामकरण वर्मा को एक वेतनवृद्धि रोके जाने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुजीब खान, हरीश तिवारी, सादिक अली एवं अश्वनी तिवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने कहा कि सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर वसूली सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित वसूली लक्ष्य प्राप्त किया जा सके. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो वार्ड प्रभारी 100 प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करेंगे, उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमश: 21,000, 15,000 एवं 10,000 की पारितोषिक राशि प्रदान की जाएगी. निगम आयुक्त ने कहा कि बकायादार राशि जमा नही कर रहे है उनके प्रतिष्ठान पर तालाबंदी की कार्यवाही करे और दल गठित कर कुर्की की कार्यवाही के निर्देश दिये.

# गलन भरी ठंड और शीत लहर से नहीं मिल रही राहत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 दिसम्बर, इस वर्ष नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई थी और दिसम्बर से हाड़ कपाने वाली ठंड जारी है. गलन भरी ठंड और शीत लहर से राहत नही मिल रही है.**



पिछले एक सप्ताह से रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे चल रहा है. तो वही अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है. शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री पहुंच गया. जिसके चलते दिन भर गलन भरी ठंड रही, वही शीत लहर ने ठंड को बढ़ा दिया है. सामान्य से 6 डिग्री अधिकतम तापमान नीचे है, 27 डिग्री सामान्य तापमान होना चाहिये. बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री 14.2 डिग्री रहा, इसके बाद तापमान में गिरावट आई. शुक्रवार को दिन भर शीत लहर चलती रही और कड़ाके की ठंड बनी रही. धूप तेज होने के बावजूद गलन भरी ठंड का असर कम नही हुआ. मौसम विभाग की माने तो अभी तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है. दरअसल उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है और इस ठंड ने सामान्य जन जीवन को प्रभावित किया है. अभी एक माह तक इसी तरह कड़ाके की ठंड पड़ेगी. मकर संक्राति के बाद कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है. दो दिन से सुबह घना कोहरा नही पड़ रहा है, 7 बजे से तेज धूप हो जाता है फिलहाल कोहरे से राहत है. नगर निगम द्वारा शहर में अलाव की व्यवस्था की गई है. 17 स्थानो पर अलाव जलाया जा रहा है. ठंड का असर बाजार में भी देखने को मिल हा है. रात 8 बजे के बाद सन्नाटा हो जाता है.